करने के लिए इस प्रारूप विधेयक का इस उप-समिति द्वारा विचार किया जा रहा है ।

(ङ) और (च) इस प्रयोजनार्थ 1988-89 के वर्तमान बजट में 35.00 लाख रुपये का बजट प्रावधान किया गया है । विश्व-हिन्दी विद्यापीठ की स्थापना पर जब कभी भी निर्णय लिया जाएगा तभी खर्च की जाने वाली सम्भावित राशि से संबंधित स्थिति स्पष्ट हो जाएगी ।

दिल्ली विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति के छात्रों का पंजीकरण

1982. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय बी०ए० प्रथम वर्ग में प्रवेश के लिए अनुसूचित जातियों के जिन छात्रों ने अपना नाम पंजीकृत कराया उनकी वर्षवार संख्या कितनी है;

(ख) उपर्युक्त छात्रों में से उन छात्रों की वर्षवार संख्या कितनी है जिन्हें कालेजों में प्रवेश प्रदान किया गया ;

(ग) अनुसूचित जातियों के उन छात्रों की वर्षवार संख्या कितनी है जिनका प्रवेश पंजीकरण के पश्चात् निरस्त कर दिया गया ; और

(घ) उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) : (क) और (ख) दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दी गई सूचनानुसार पिछले दो वर्षों की अवधि में बी०ए० भाग I में पंजीकृत और दाखिल अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों की कुल संख्या निम्नलिखित है :--

	पंजीकृत संख्या	प्रवेश लेने वालों की संख्या
1985-86	465	1223
1986-87	489	1259

1987-88 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों की संशोधित पंजीकरण प्रक्रिया के अनुसार छात्रों को सीधे ही विभिन्न कालेजों में प्रवेश के लिए पंजीकरण कराना अपेक्षित था । अतः, दाखिले के लिए इस प्रकार के पंजीकृत छात्रों की संख्या उपलब्ध नहीं है । तथापि 1987-88 की अवधि में बी०ए० भाग I में दाखिल किये गये अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों की संख्या 1401 थी ।

(ङ) और (घ) 1987-88 में एक छात्र का दाखिला रद्द किया गया था क्योंकि छात्र ने अनुसूचित जाति का जाली प्रमाण पत्र दिया था ।

Opening of Adult Education Centres in Adivasi Areas

1983. KUMARI SUSHILA TIRIA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether special attention is being given to start adult education centres in adivasi areas;

(b) if so, what are the details thereof and the criteria adopted for opening adult education centre in adivasi areas;

(c) whether it is a fact that the scheme is not being implemented fully in some of the backward areas;